प्रेस नोट - दिनांक 16.01.2025

थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव।

मोबाइल बैकिंग के माध्यम से फ्रॉड कर निकाली गई 30,129/- रु0 की संपूर्ण धनराशि पुलिस ने कराई रिफण्ड

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से फ्रॉड की गई 30,129/- रु0 की संपूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते मे रिफण्ड कराई गई।

संक्षिप्त विवरण- आवेदक द्वारा दिनांक 27.12.2025 को थाना कोतवाली सदर पर मोबाइल बैंकिग के माध्यम से 30129 /- रू0 का फ्राड होने विषयक प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर थाना कोतवाली सदर की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए फ्रॉड की गयी 30,129/- रुपये की सम्पूर्ण धनराशि आवेदक के खाते में वापस करायी गयी।

कार्यवाही करने वाली पुलिस टीमः-

1.अपराध निरीक्षक श्री राजेश यादव

2.व0उ0नि0 बृजेश कुमार यादव

3.महिला आरक्षी सोनिया शर्मा

प्रेस नोट - दिनांक 16.01.2025

थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव।

हत्या का आरोपी आलाकत्ल सहित गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा हत्या के आरोपी को आलाकत्ल सहित गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 15.01.2025 को वादी गंगाप्रसाद पुत्र स्व0 पूर्वी निवासी रामबक्स खेड़ा थाना अजगैन जनपद उन्नाव द्वारा थाना गंगाघाट तहरीर सूचना दी गयी कि मेरी पुत्री अंजु उम्र करीब 20 वर्ष मेरे चचेरे भाई शिवशंकर पुत्र स्व0 गुरूचरण निवासी 14/237 चम्पापुरवा थाना गंगाघाट के यहां खिचड़ी के त्यौहार पर गयी हुई थी। जिसकी मेरे चचेरे भाई शिवशंकर के पुत्र गोलू उर्फ शिवम उम्र करीब 22 वर्ष ने हथौड़े से हमला कर हत्या कर दी। जिसके सम्बन्ध में थाना गंगाघाट पर मु0अ0स0 -019/2025 धारा 103(1)BNS बनाम अभियुक्त गोलू उर्फ शिवम उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। दिनांक 15.01.2025 को प्र0नि0 श्री अनुराग सिंह मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा अभियुक्त गोलू उर्फ शिवम पुत्र शिवशंकर निवासी 14/237 चम्पापुरवा थाना गंगाघाट उन्नाव उम्र करीब 22 वर्ष को आलाकत्ल 01 अदद हथौड़ा बरामद कर ग्राम चम्पापुरवा से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

गोलू उर्फ शिवम पुत्र शिवशंकर निवासी 14/237 चम्पापुरवा थाना गंगाघाट उन्नाव उम्र करीब 22 वर्ष

बरामदगी का विवरण-

आलाकत्ल 01 अदद हथौड़ा

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1.प्र0नि0 श्री अनुराग सिंह
2.उ0नि0 अंजनी कुमार सिंह
3.का0 अम्बरीश कुमार
4.का0 राजू सरोज
5.म0का0 प्रियंका कुमारी

UNNAO POLICE

प्रेस नोट - दिनांक 16.01.2025

थाना बांगरमऊ, जनपद उन्नाव।

दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बांगरमऊ पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- थाना बांगरमऊ पर पंजीकृत मु0अ0स0 023/25 धारा 296/74/191(2)/352/351(3)/64 बीएनएस में वांछित अभियुक्त गौरव सिंह पुत्र हुकुम सिंह निवासी मोहल्ला कस्बा टोला कस्बा व थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव उम्र 25 वर्ष को आज दिनांक 16.01.2025 को उ0नि0 श्री राजीव भदौरिया मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा अभियुक्त गौरव सिंह पुत्र हुकुम सिंह निवासी मोहल्ला कस्बा टोला कस्बा व थाना बांगरमऊ उन्नाव को मो0 कस्बा टोला से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

गौरव सिंह पुत्र हुकुम सिंह निवासी मोहल्ला कस्बा टोला कस्बा व थाना बांगरमऊ उन्नाव

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 राजीव भदौरिया

2.कां0 अंकित सिंह